भाकृअनुप–काजरी में उर्वरक जागरूकता दिवस का आयोजन

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) जोधपुर द्वारा दिनांक 18.06.2021 को वर्चुअल (ऑनलाइन माध्यम) द्वारा उर्वरक के संतुलित उपयोग पर उर्वरक जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री वनिता सेठ, महापौर, नगर निगम (दक्षिण) जोधपुर ने कार्यक्रम के दौरान भारत के कृषि में आत्मनिर्भर होने पर वैज्ञानिकों के सतत् प्रयास को सराहा एवम् काजरी द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का सीमित उपयोग कर उत्पादन बढ़ाने को भी प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष निदेशक काजरी, डॉ. ओम प्रकाश यादव ने किसानों से आह्वान किया की मृदा परीक्षण कर उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें तथा प्राकृतिक संसाधनों के सीमित उपयोग करने तथा इन्हें सहजकर रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ठ अतिथि डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि उर्वरकों के अन्धाधुन्ध प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य को हानि होती है, जिससे मृदा में बहु–पोषक तत्वों की कमी होती है तथा संसाधनों के तर्कसंगत उपयोग के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता प्रबंधन पर सलाह दी।

डॉ. धीरज सिंह ने स्वागत उद्‌बोधन और कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। काजरी के मृदा विशेषज्ञों ने उर्वरक का महत्व एवम् सिंचाई जल के साथ उर्वरक का प्रयोग तथा फसल अवशेष प्रबंधन पर किसानों को जानकारी दी एवम् जागरूक किया। कार्यक्रम में जोधपुर, पाली, भुज (गुजरात) से 65 किसान वर्चुअल (ऑनलाइन) माध्यम से इस अभियान में जुड़े। डॉ. मनीष कांवत ने धन्यवाद दिया।